2778
852 456/2023 Patna Rural dt. 16.05.2023

पत्रांक : 07–सू०प्रा०–01 / 2023....................

**बिहार सरकार**
**सूचना प्रावैधिकी विभाग**

प्रेषक,

संतोष कुमार मल्ल,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग / ऊर्जा विभाग / परिवहन विभाग / पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / ग्रामीण विकास विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक : ..................................

विषय :– **CBuD App पर State agency admin (L3) एवं District agency admin (L4) का Registration शत प्रतिशत पूर्ण करने के संबंध में।**

प्रसंग : **विभागीय पत्रांक–167, दिनांक–23.01.2023 एवं पत्रांक–279, दिनांक–06.02.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंग में कहना है कि दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के द्वारा विकसित 'Call Before U Dig'(CBuD) नामक मोबाईल ऐप्लिकेशन का मूल उद्देश्य खुदाई के क्रम में ऑप्टिकल फाइबर केबल, पानी की पाइपलाइन, बिजली के केबल, सीवरेज लाइन, गैस पाइपलाइन इत्यादि को होने वाले नुकसान को रोकना है। इस हेतु यह आवश्यक है कि भूमिगत परिसंपत्तियों से संबंधित प्राधिकारों के सभी स्तर के CBuD नोडल (L3 एवं L4) का Registration शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाय। साथ ही CBuD App पर खुदाई करने वाली एजेन्सीयों के सभी Excavators का Self Registration करवा लिया जाय।

1. ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा CBuD App पर L3 एवं L4 का Registration शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष विभागों से इस संबंध में प्रतिवेदन अपेक्षित है।
2. सभी विभागों के अधीन खुदाई करने वाली एजेन्सीयों को यह निदेशित किया जाना है, कि उनके सभी Excavators द्वारा CBuD App पर Self Registration कर लिया जाय एवं सरकारी परिसंपत्तियों पर खुदाई के पूर्व CBuD App के माध्यम से Intimation भेजा जाय। ताकि उस क्षेत्र के संबंधित CBuD नोडल एवं Excavator के आपसी सामंजस्य के द्वारा परिसंपत्तियों को खुदाई के दौरान होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।
3. परिवहन विभाग द्वारा राज्य में Register किये गये सभी Excavation Vehicle Owner/ Excavators को CBuD App पर Self Registration करने एवं कंडिका–2 में वर्णित निदेशों के अनुपालन हेतु निदेशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि इस परियोजना के सुचारू संचालन हेतु उपरोक्त बिन्दुओं के आलोक में प्रतिवेदन शीघ्र भेजने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

*ह0 / –*
(संतोष कुमार मल्ल)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक : 07–सू०प्रा०–01 / 2023...981...... पटना, दिनांक : ...12/05/23

प्रतिलिपि : विशेष महानिदेशक, बिहार LSA, दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

संतोष 11/5

सरकार के प्रधान सचिव